प्रेषक,

आदित्य नाथ शर्मा,
सिविल जज, (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 1,
देवरिया।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश महोदय,
देवरिया।

विषयः– उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा वर्ष 2024 में सम्मिलित होने की अनुमति दिये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा जनपद देवरिया में सिविल जज, (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 1, का पदभार दिनाक 05.01.2024 को ग्रहण किया गया है। प्रार्थी द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा वर्ष 2024 हेतु आवेदन जनपद देवरिया में सिविल जज, (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 1, का पदभार ग्रहण करने के पूर्व किया था। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2024 की प्रारम्भिक परीक्षा दिनांक 17.03.2024 को होनी सम्भावित है।

अतः माननीय महोदय से सादर अनुरोध है कि प्रार्थी को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारम्भिक परीक्षा में सम्मलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

आदर सहित।

दिनांक–16.02.2024

भवदीय,

ANSharma
16-02-2024
(आदित्य नाथ शर्मा)
सिविल जज, (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 1,
देवरिया।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश देवरिया
पत्रांक 401/XV /दिनांक 17-02-2024 देवरिया

अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश
देवरिया
17.02.2024